तापमान

भोपाल	24.0°	31.0°
इंदौर	23.0°	32.0°
जबलपुर	24.0°	32.0°
ग्वालियर	26.0°	34.0°
सागर	24.0°	30.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 285, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, शुक्ल द्वितीय संवत् 2083
रविवार, 13 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... अन्नदाताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा...

खेल... विश्व एथलेटिस अल्टीमेट चैंम्पियनशिपः डुप्लांटिस ने...

व्यापार... गणेशोत्सव में सोने-चांदी की बंपर बिक्री, महंगाई ...

देश-विदेश... यमन की सेना का दावा- लाल सागर तट के बड़े ...

एकतरफा टैरिफ और आतंक बर्दाश्त नहीं

ब्रिक्सः पहलगाम हमले की विश्व मंच पर कड़ी निंदा
रूस और चीन के साथ आने से बढ़ा भारत का रुतबा

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः ब्रिक्स देशों ने नई दिल्ली घोषणा में 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। घोषणा में हमले में मारे गए 26 लोगों का उल्लेख करते हुए आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने पर सहमति जताई गई। सदस्य देशों ने आतंकियों को पनाह देने वालों और आतंकवाद तक पहुंचने वाली वित्तीय मदद को रोकने के लिए मिलकर कार्रवाई करने पर जोर दिया। घोषणा में आतंकवाद के हर रूप और हर वजह की निंदा की गई। साथ ही आतंकवाद को किसी धर्म, राष्ट्रीयता या समुदाय से जोड़ने का विरोध किया गया। सीमा पार आतंकवाद, उसकी फंडिंग और आतंकियों को सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई की बात कही गई। आतंकियों और आतंकी संगठनों की जवाबदेही तय करने पर भी जोर दिया गया। ब्रिक्स देशों ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र आतंकरोधी संधि को जल्द अपनाने की मांग की।

घोषणा में आपसी सम्मान, संप्रभु समानता, एकजुटता और सहमति से फैसले लेने जैसे ब्रिक्स के मूल सिद्धांतों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। व्यापार के मुद्दे पर सदस्य देशों ने एकतरफा शुल्क और व्यापारिक पाबंदियों पर चिंता जताई। कहा गया कि ऐसे कदम विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप होने चाहिए। बढ़ते वैश्विक तनाव और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के खतरे पर भी चिंता व्यक्त की गई। ब्रिक्स देशों ने भारत की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स प्लस और आउटरीच संवाद की सराहना की। साझा बयान पर सहमति ऐसे समय बनी है, जब पश्चिम एशिया में तनाव बना हुआ है और ईरान, सऊदी अरब तथा संयुक्त अरब अमीरात के कई मुद्दों पर अलग-अलग रुख हैं।

भारत ने बातचीत के माध्यम से मतभेद दूर करने और सदस्य देशों के बीच आम सहमति बनाने में भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के अगले 20 वर्षों के लिए नया एजेंडा बनाने और फैसलों पर अमल की स्थायी व्यवस्था तैयार करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर क्षेत्र, अंतरिक्ष और जैव प्रौद्योगिकी के नियम तय करने में विकासशील देशों की बराबर भागीदारी पर जोर दिया। युवा राजनयिकों और नीति-निर्माताओं को बातचीत तथा कानून की प्रशिक्षण व्यवस्था बनाने और संकट में फंसे नाविकों के लिए इलाज, परिवार से संपर्क तथा सुरक्षित निकासी वाला आपात नेटवर्क बनाने का सुझाव भी दिया। मोदी ने कहा कि दुनिया का भविष्य साझा है तो उसे तय करने का अधिकार भी सभी देशों के पास होना चाहिए।

युद्ध से लोगों को नुकसानः जिनपिंग

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से पूरे क्षेत्र के लोगों को भारी नुकसान हुआ है। इस युद्ध से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का भी हित पूरा नहीं हो रहा है। अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता चीन करेगा। शी ने कहा कि ब्रिक्स देशों को मजबूती से इतिहास के सही पक्ष के साथ खड़ा रहना चाहिए।

भविष्य के नियम मिलकर बनाएंः मोदी

मोदी ने कहा कि दुनिया के भविष्य के नियम तय करने में हर देश की बराबर भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों को सिर्फ दूसरे देशों के बनाए नियम मानने वाला नहीं, बल्कि नियम बनाने वाला बनना होगा। पीएम ने कहा कि नई तकनीकें आने वाले समय को बदल रही हैं। इन क्षेत्रों में कौन से नियम होंगे, यह भी आने वाले समय में तय होगा। इसलिए ग्लोबल साउथ की इन चर्चाओं में बराबर की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बताया कि भारत की अध्यक्षता के दौरान 350 से ज्यादा बैठकें आयोजित की गईं। इस दौरान ब्रिक्स देशों की टीमों का करीब 30 शहरों में स्वागत किया गया।

मोदी-जिनपिंग की अलग बैठक

पीएम मोदी ने ब्रिक्स समिट से अलग चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से द्विपक्षीय बैठक की। यह मीटिंग करीब 50 मिनट चली। मोदी और जिनपिंग ने इस बात पर भी सहमति जताई कि मतभेदों को विवाद नहीं बनने देना चाहिए और संबंध लंबे चलने चाहिए। पीएम मोदी ने जोर दिया कि दोनों देशों के संबंध तीन 'पारस्परिक सिद्धांतों' - सम्मान, संवेदनशीलता और हित से जुड़े होने चाहिए। जिनपिंग करीब 7 साल बाद भारत आए हैं। गलवान झड़प के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है।

अमेरिकी पुलिसिंग की जरूरत नहींः मसूद

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने अबू धाबी के क्राउन प्रिंस खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने पर बात की। उन्होंने क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए मिलकर काम करने पर भी जोर दिया। पजशकियान ने कहा कि मिडिल ईस्ट को अमेरिका की 'पुलिसिंग' की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी यहां के देशों की ही होनी चाहिए।



डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री मांडविया से की भेंट

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मध्यप्रदेश के विकास, रोजगार सृजन, युवाओं के कौशल विकास और प्रदेश में रोजगार के नए अवसरों के विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने और रोजगार से जुड़ी गतिविधियों को विस्तार देने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया। बैठक में केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सहयोग से कौशल विकास और रोजगार से संबंधित योजनाओं को प्रदेश में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के विषय पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा उन्हें रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर विचार साझा किए। इस दौरान केंद्र और राज्य के समन्वय से रोजगारपरक गतिविधियों को गति देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसरों के विस्तार को लेकर राज्य सरकार की प्राथमिकताओं से अवगत कराया।

रेवन्ना के मोबाइल में मिले अश्लील वीडियो

नईदुनिया ब्यूरो, बेंगलुरुः बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा केंद्रीय जेल में बंद पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मोबाइल में कई अश्लील वीडियो मिले हैं। शनिवार को मोबाइल और अन्य उपकरणों की फोरेंसिक जांच में इसका पता चला। क्राइम ब्रांच ने 11 अगस्त को जेल में छापा मारकर रेवन्ना को कोठरी में मोबाइल इस्तेमाल करते पकड़ा था। इस दौरान मोबाइल, चार्जर, पेन ड्राइव और नोटबुक जब्त की गई थी। पेन ड्राइव में वेब सीरीज भी मिली हैं। प्रज्वल पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। वह नौकरानी से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। जेल में प्रतिबंधित सामान मिलने पर सुविधाएं घटाई जा सकती हैं, अलग सेल में रखा जा सकता है और नया मामला दर्ज हो सकता है।

खास-खबरें

तृणमूल कांग्रेस से आयोग ने मांगे दस्तावेज

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिह्न को लेकर विवाद जारी है। शनिवार को ऋतब्रत बनर्जी गुट ने निर्वाचन आयोग के समक्ष मौखिक दलीलें दीं और सवालों के जवाब दिए। आयोग ने गुट से अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने को कहा। यह सुनवाई छह अक्टूबर को नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले हो रही है। नामांकन की अंतिम तारीख 16 सितंबर है। बागी गुट इससे पहले चुनाव चिह्न पर फैसला चाहता है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी आयोग से मुलाकात की। यदि 16 सितंबर तक किसी एक गुट को मान्यता नहीं मिलती है, तो दोनों गुटों के उम्मीदवारों को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ना पड़ सकता है।

छात्रों को मोबाइल खरीदने के लिए नहीं मिलेंगे 10 हजार रुपये

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः पश्चिम बंगाल सरकार कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों को मोबाइल फोन खरीदने के लिए दी जाने वाली 10 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता बंद करेगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को इसकी घोषणा की। यह सहायता पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार की 'तरुणेर स्वप्नो' योजना के तहत दी जाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार छात्रों की पढ़ाई के लिए आधुनिक शैक्षणिक ढांचा उपलब्ध कराने पर अधिक धन खर्च करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार छात्रों को मोबाइल फोन नहीं देगी।

तीन माह में शासन को सौंपेंगे रिपोर्ट

जहरीली शराब से मौतों की जांच के लिए न्यायिक आयोग बना
सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति विष्णु प्रताप सिंह चौहान करेंगे जांच

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सागर जिले की बंडा तहसील में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामले में राज्य शासन ने एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित किया है। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति विष्णु प्रताप सिंह चौहान की अध्यक्षता में गठित आयोग पूरे मामले की जांच करेगा। आयोग को आदेश जारी होने की तारीख से तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपनी होगी। इसका मुख्यालय सागर में रखा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार आयोग को तीन बिंदुओं पर जांच करनी है। पहले बिंदु में जहरीली शराब के सेवन से हुई मृत्यु और अस्वस्थता की घटना के कारण, स्वरूप और उससे जुड़ी परिस्थितियों का परीक्षण कर तथ्यात्मक स्थिति निर्धारित की जाएगी। दूसरे बिंदु के तहत संबंधित क्षेत्र के आबकारी अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा निर्धारित दायित्वों के निर्वहन की स्थिति की जांच की जाएगी। तीसरे बिंदु में भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी नियंत्रण और निगरानी के आवश्यक उपायों की सिफारिश की जाएगी। आयोग जांच के दौरान इन तीनों बिंदुओं से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों का परीक्षण करेगा। जांच पूरी होने के बाद आयोग अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगा। शासन के आदेश में आयोग के लिए तीन माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

दो जहाजों की टक्कर, 21 लोगों को बचाया

नईदुनिया ब्यूरो, गांधीनगरः गुजरात तट पर कांडला के पास दो मालवाहक जहाजों की टक्कर हो गई। हादसे के बाद तटरक्षक बल ने 21 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। तटरक्षक बल के अनुसार दोनों जहाजों के नाम एमवी केमैक्स एम्परर और एमवी ट्रू मेरिनर हैं। दोनों जहाजों पर कुल 24 लोग सवार थे। इनमें से तीन लोगों को अभियान के संचालन के लिए एमवी केमैक्स एम्परर पर ही रखा गया है। तटरक्षक बल का बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों के अनुसार जहाजों के मूल स्थान की जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

सीजीएसटी के अधीक्षक और सलाहकार हिरासत में

एक करोड़ रिश्वत मांगी 10 लाख लेते गिरफ्तार

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः केंद्रीय जांच ब्यूरो ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के न्यू पनवेल में एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के मामले में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग के अधीक्षक पंकज कुमार और सलाहकार प्रसाद कुमार स्वामी को गिरफ्तार किया है। दोनों को गुरुवार को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। मामले की जानकारी शुक्रवार को सामने आई।

सीबीआई के अनुसार, एक निजी रियल एस्टेट कंपनी न्यू पनवेल के सेक्टर-17 में दो इमारतों का पुनर्विकास कर रही है। इन इमारतों में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, रायगढ़ आयुक्तालय के स्वामित्व वाले 24 फ्लैट भी शामिल हैं। इसी मामले में अधीक्षक पंकज कुमार ने शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये सलाहकार प्रसाद कुमार स्वामी को देने के लिए कहा था।

शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने गुरुवार को जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपितों को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों को दो दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया। भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम, 2018 के तहत रिश्वत लेने वाले सरकारी कर्मचारी को तीन से सात वर्ष तक की जेल और जुर्माने की सजा हो सकती है। रिश्वत देना भी अपराध है। दोषी पाए जाने पर सात वर्ष तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। हालांकि, मजबूरी में रिश्वत देने वाला व्यक्ति सात दिनों के भीतर अधिकारियों को इसकी जानकारी देने पर कानूनी सुरक्षा पा सकता है।

गणेशोत्सव में शराबबंदी पर हाई कोर्ट की फटकार

नईदुनिया ब्यूरो,मुंबईः गणेशोत्सव के दौरान पुणे जिले में 10 दिन तक शराब की बिक्री और सेवन पर रोक लगाने के प्रशासनिक आदेश पर उच्च न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जताई।

मुख्य न्यायाधीश एमसी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने कहा कि बिना तर्कसंगत आधार के व्यापक प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता।

अदालत ने कहा कि यदि शराब का आदी व्यक्ति 10 दिनों तक शराब नहीं पी पाएगा, तो वह बीमार होकर अस्पतालों में भीड़ लगा सकता है। पीठ ने यह भी सवाल किया कि पूरे महाराष्ट्र के बजाय केवल पुणे को प्रतिबंध के लिए क्यों चुना गया। अदालत ने ऐसी प्रथा की निंदा करते हुए इसे पुणे के निवासियों के लिए कलंक बताया। अदालत ने स्पष्ट किया कि शराब पीने के बाद उत्साह में सड़क पर निकलने मात्र से किसी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था के लिए खतरा नहीं माना जा सकता। हालांकि, शराब पी हो या नहीं, कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। फटकार के बाद पुणे प्रशासन ने प्रतिबंध की अवधि घटाकर दो दिन कर दी है। अब 14 सितंबर को शाम चार बजे तक और 25 सितंबर को पूरे दिन शराब की बिक्री और सेवन पर रोक रहेगी।

चलती कार बनी आग का गोला

नईदुनिया ब्यूरो, इंदौरः चोइथराम चौराहे के पास शनिवार दोपहर चलती कार में अचानक आग लग गई। गेट लॉक होने और खिड़कियों के कांच नहीं खुलने से चालक रुपेश यादव करीब एक से डेढ़ मिनट तक कार के अंदर फंसा रहा। यातायात पुलिसकर्मियों ने कांच तोड़कर उसे बाहर निकाला। आग में चालक करीब 60 प्रतिशत झुलस गया। पुलिस के अनुसार रुपेश राजेंद्र नगर से चोइथराम की ओर जा रहा था। दोपहर करीब 12:30 से 12:45 बजे के बीच चौराहे के पास कार में आग लगी। बारिश के कारण पहले से यातायात का दबाव था। यातायात थाना जोन-4 के प्रभारी सुमित बिलोनिया टीम के साथ व्यवस्था संभाल रहे थे। आग लगते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया। सभी गेट लॉक होने के कारण पुलिसकर्मियों ने कांच तोड़ा और रुपेश को बाहर निकाला।

ड्रोन हमले के बाद सऊदी अरब ने तेल पाइपलाइन बंद की

रियाद, एजेंसीः सऊदी अरब ने ड्रोन हमले के बाद अपनी ईस्ट-वेस्ट तेल पाइपलाइन बंद कर दी है। गुरुवार को हुए कई ड्रोन हमलों में पाइपलाइन से जुड़े पंपिंग स्टेशनों में आग लग गई और कुछ लोग घायल हुए। ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के बाद सऊदी अरब इसी पाइपलाइन के जरिए रोजाना करीब 50 लाख बैरल तेल भेज रहा था। सऊदी ऊर्जा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पाइपलाइन पर कई हमले हुए हैं। मंत्रालय की टीमें पाइपलाइन को सुरक्षित करने और नुकसान का आकलन करने में जुटी हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पाइपलाइन को कितना नुकसान हुआ है।

बारिश का कहर *उत्तराखंड में चीन सीमा की घाटियों का संपर्क टूटा, छत्तीसगढ़ में नदी में बहने से तीन छात्रों की मौत...*

पिथौरागढ़ में बैली ब्रिज बहा, बिहार और उप्र में बाढ़

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः उत्तर भारत के कई राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तेज बहाव के कारण कुलागाड़ नाले पर बना 170 फीट लंबा बैली ब्रिज बह गया। इससे चीन सीमा से लगी व्यास, दारमा और चौदांस घाटियों का संपर्क टूट गया है। यह पुल 27 अगस्त को ही बनाया गया था। इससे पहले 18 अगस्त को चट्टान गिरने के कारण पुराना पुल टूट गया था। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में हसदेव नदी के तेज बहाव में तीन कॉलेज विद्यार्थी बह गए। शनिवार को इनमें से एक विद्यार्थी का शव बरामद किया गया। तीनों विद्यार्थी शुक्रवार को बिलासपुर के चौकसे कॉलेज के आठ छात्र-छात्राओं के साथ पिकनिक मनाने देवरी गांव पहुंचे थे। नदी किनारे सेल्फी लेने के दौरान एक छात्र का पैर फिसल गया। उसे बचाने के लिए दो अन्य छात्र भी नदी में कूद गए और तेज बहाव में बह गए। बिहार में बाढ़ से 15 जिलों में 47 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कई इलाकों में लगातार जलस्तर बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। उत्तर प्रदेश में भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य के 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और करीब चार लाख लोग प्रभावित हुए हैं। 21 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कानपुर और उन्नाव में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। नदी किनारे बसे गांवों में पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ गांवों में 10 फीट तक पानी भर गया है।

मायावती भतीजी दीपिका को सौंप सकती हैं कमान

नईदुनिया ब्यूरो, लखनऊः बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अपनी 19 वर्षीय भतीजी दीपिका आनंद को भविष्य में पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी देने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनके भाई आनंद कुमार को मदद के लिए किसी सदस्य की जरूरत पड़ती है तो वह अपनी इकलौती बेटी दीपिका की मदद ले सकते हैं। दीपिका फिलहाल वकालत की पढ़ाई कर रही हैं।

मायावती ने कहा कि दीपिका की ईमानदारी और कार्यक्षमता के आधार पर भविष्य में उन्हें पार्टी में जिम्मेदारी दी जा सकती है। उन्होंने अपने दोनों भतीजों आकाश और ईशान को राजनीतिक पद देने से साफ इनकार किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में उनके बच्चों को भी कोई पद नहीं दिया जाएगा। मायावती ने कहा कि वह कांशीराम की तरह परिवारवाद के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि वह अविवाहित हैं और महिला होने के कारण मजबूरी में भाई आनंद कुमार को साथ रखना पड़ा, लेकिन अब किसी मोह में नहीं पड़ेंगी। मायावती ने दो दिन पहले आकाश को पार्टी से बाहर कर दिया था।